एफपीओ के माध्यम से होगा प्रोटीनयुक्त बड़ी का निर्माण, इसका स्वाद भी अलग

कृषि विवि पूसा ने विकसित की पौष्टिक और स्वादिष्ट बड़ी

खास

पूसा, निज संवाददाता। मशरूम समोसा, नमकीन, मिठाई, अचार जैसे प्रोडक्ट के बाद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि के मशरूम विभाग ने मशरूम की बड़ी विकसित की है। जो पौष्टिक होने के साथ प्रोटीन, कार्बोहाईडेज्ट और फैट युक्त है। इसका खास स्वाद बाजार में उपलब्ध अन्य बड़ी से अलग बनाता है।

भोजन को स्वादिष्ट और लाभकारी बनाने में यह काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। वैज्ञानिक के अनुसार इसे काफी दिनों तक महिलाओं ने अपने व्यंजनों में शामिल कर इसके गुणों को बताया है। अब इसे बाजार में उतारने की तैयारी की जा रही है। इसकी जिम्मेवारी एक एफपीओ को

50 सदस्यीय टीम प्रोडक्ट तैयार करने में जुटी थी

- 100 ग्राम में प्रोटीन 18.2 ग्राम की मात्रा
- अब इसे बाजार में उतारने की तैयारी की जा रही

दी गई है। जो मशरूम के प्रोडक्ट निर्माण से लेकर पैकेजिंग व मार्केटिंग का कार्य करेंगे।

क्या कहते है मशरूम वैज्ञानिक

विवि के चर्चित मशरूम वैज्ञानिक डॉ. दयाराम ने बताया कि विवि की ओर से एफपीओ को तकनीकी सहयोग, देखरेख व प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले के सकरा स्थित राजेन्द्र पूसा मशरूम प्रोड्यूसर कंपनी लि. के नाम से कार्यरत एफपीओ को यह

विकसित प्रोडक्ट मशरूम बड़ी।

जिम्मवोरी सौंपने की दिशा में पहल की जा रही है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इसके रफ्तार पकड़ने की संभावना है। एफपीओ के संचालक व जिला पार्षद अनिल कुमार व उनकी 50 सदस्यीय टीम इस प्रोडक्ट को विकसित करने में जुट जायेगी। वैज्ञानिक के अनुसार इसमें प्रति 100 ग्राम में प्रोटीन 18.2 ग्राम, कोर्बोहाईड्रेट 62 ग्राम एवं फैट 1.8 ग्राम उपलब्ध है। यह लोगों को जल्द मार्केट में उपलब्ध हो जाएगी और वह इसका स्वाद भी ले सकेंगे।

राज्य में चार एफपीओ कर रहे कार्य

मशरूम वैज्ञानिक डॉ. दयाराम ने बताया कि राज्य में चार एफपीओ सिर्फ मशरूम क्षेत्र में कार्य करने के लिए निबंधित हो गये हैं। इसमें मुजफ्फरपुर के सकरा में एक एवं बक्सर में तीन एफपीओ शामिल हैं। प्रत्येक एफपीओ में 50-50 मशरूम उत्पादक समूह जुड़ा है। जो मशरूम के उत्पादन से लेकर उसके प्रोडक्ट निर्माण, पैकेजिंग और मार्केटिंग तक के कार्य को दिशा देने में जुटे हैं। जल्द इसके अच्छे परिणाम आएंगे।

Hindustan 18-7-2023